तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

मां महागौरी मंदिर में जसगीत सम्राट देवेश के जगराता में रातभर झूमे श्रद्धालु



खबर संक्षेप

जिले में जुटेंगे राष्ट्रीय स्तर के बाल रोग विशेषज्ञ

कोरबा। बच्चों और किशोरों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कोरबा में छत्तीसगढ़ स्टेट पेडिकॉन कोरबा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की मेजबानी में 23, 24 और 25 अक्टूबर को जश्न रिसोर्ट, कोरबा में तीन दिवसीय बाल रोग सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित विशेषज्ञ वक्ता शामिल होंगे। आयोजन के अंतर्गत 23 अक्टूबर को कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए विशेष स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित की जाएगी। सुबह 11 बजे से श्री हरिकिशन पब्लिक स्कूल, टीपी नगर, कोरबा में होने वाली इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सक किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलाव, पोषण, स्वस्थ जीवनशैली और सुरक्षा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।

रोटरी बिजनेस ग्रुप के चीन कैंटन फेयर टूर में शामिल होंगे 38 सदस्य

कोरबा। रोटरी सदस्यों के बीच व्यावसायिक सहयोग, प्रोफेशनल विकास और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सक्रिय बिजनेस एण्ड प्रोफेशनल ग्रुप द्वारा आयोजित चीन के प्रतिष्ठित कॉन्टॉन फेयर के व्यावसायिक दौरे को लेकर सदस्यों में उत्साह है। बिजनेस एण्ड प्रोफेशनल ग्रुप रोटरी सदस्यों का एक सक्रिय व्यावसायिक नेटवर्क है, जिसमें लगभग 700 सदस्य जुड़े हुए हैं। इस समूह का प्रमुख उद्देश्य रोटरी की सेवा एवं मैत्री की भावना के साथ सदस्यों के व्यवसाय, पेशेवर क्षमताओं और आपसी व्यापारिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। चीन का कॉन्टॉन फेयर जिसे चाइना इंपोर्ट एण्ड एक्सपोर्ट फेयर के नाम से भी जाना जाता है, विश्व के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में शामिल है। यहां विभिन्न उद्योगों के निर्माता, निर्यातक, खरीदार और व्यापारिक प्रतिनिधि अपने उत्पादों एवं व्यावसायिक संभावनाओं को प्रस्तुत करते हैं। रोटेरियन संजय बुधिया व राजेश गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित यह चीन व्यावसायिक दौरा 'सेवा, मैत्री और व्यवसाय' की भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

आईटीआई रामपुर में युवा उड़ान कार्यक्रम 22 को

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को साइबर सुरक्षा और करियर काउंसलिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार, आईटीआई रामपुर, कोरबा में आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, आम नागरिकों तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता अपेक्षित है।

जोश टीम चलाएगी टीबी-मुक्त भारत अभियान

कोरबा। टीबी-मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में टीबी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और लोगों को समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जोश टीम का एक पखवाड़ा पूर्व किया गया है। टीम के सदस्य युवाओं और समुदाय के सहयोग से टीबी के लक्षणों, जांच और उपचार की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा संभावित मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने टीबी-मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर निर्धारित अवधि तक टीबी-मुक्त रहने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया।

करतला वन परिक्षेत्र के साजापानी में गूंजी किलकारी, हथिनी ने दिया बेबी एलीफेंट को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मंडल में पिछले कई दिनों से 9 हाथियों का झुंड वितरण कर रहा था, जिसमें से एक मादा हाथी ने मंगलवार की अलसुबह साजापानी के जंगल में एक शावक को जन्म दिया है। जैसे ही इसकी सूचना वन विभाग को मिली। वन विभाग के अफसर हाथियों के साथ साथ शावक की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के साथ जंगल में डेरा डाले हुए हैं। साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में मुनादी कर लोगों को जंगल में न जाने की सलाह दी गई है।

अलग खबर

कोरबा वनमंडल के करतला परिक्षेत्र से एक बेहद सुखद और उत्साहजनक खबर सामने आई है। परिक्षेत्र के बीट लबेद अंतर्गत ग्राम सजापानी में मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे एक मादा हाथी ने स्वस्थ शावक को जन्म दिया है। इस नन्हे मेहमान के आने से वन क्षेत्र और वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है, वहीं वन विभाग भी पूरी तरह से सतर्क हो गया है। जब वन विभाग के कर्मचारी अपनी नियमित गश्त और हाथी ड्यूटी पर तैनात थे, तभी उन्हें इस नए नन्हें शावक के जन्म की सूचना प्राप्त हुई। खबर मिलते ही मैदानी अमला तुरंत हरकत में आ गया और मां व नवजात की सुरक्षा के लिए तत्काल मोर्चा संभाल लिया। वन परिक्षेत्राधिकारी अक्श कुमार ऋषि अपनी टीम के साथ जंगल में मौजूद रहे और नन्हें शावक की निगरानी के लिए टीम के साथ साथ ड्रोन कैमरे से उसकी निगरानी की जा रही है। अब हाथियों की संख्या 10 हो गई है।

ड्रोन कैमरे से बेबी एलीफेंट की तस्वीर आई सामने

खास बातें

- निगरानी के लिए अलग से टीम की गई है तैनात
- वन विभाग ने आसपास के ग्रामीण अंचलों में कराई मुनादी



सुरक्षा और एहतियात के उठाए गए कड़े कदम

वन परिक्षेत्राधिकारी अश्क कुमार ऋषि ने बताया कि हाथी और उसके बच्चे की सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की जीवन रक्षा को प्राथमिकता देते हुए वन विभाग ने तुरंत आसपास के गांवों में लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है ताकि कोई अनहोनी न हो। ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे किसी भी परिस्थिति में फिलहाल जंगल की ओर न जाएं। नवजात शावक और हाथी परिवार की हर गतिविधि पर बारीक नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। वन विभाग की विशेष टीम मौके पर डटी हुई है और पल-पल की स्थिति पर नजर रख रही है। विभाग ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें, वन विभाग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

विजयादशमी पर्व पर हुआ रावण का दहन, जगह -जगह हुई शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक का पर्व विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम के अतिथियों के द्वारा परंपरागत रुप से किया गया। इसी के साथ विभिन्न स्थानों में स्थापित की गई मां दुर्गा के प्रतिमाओं को गोधूली बेला के साथ विसर्जित करने की परंपरा का गाजेबाजे के साथ निवर्हन किया गया। जो देर शाम तक दर्री बैराज और हसदेव नदी में विजर्सन का दौर चलता रहा।

मंगलवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी रावण के पुतले का दहन किया गया। शहर में दशहरा मैदान, घंटाघार ओपन थियेटर मैदान, मुड़ापार, पुराना बस स्टैंड में प्रमुख रुप से रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने एक बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी तो वहीं जिले का सबसे ऊंचा रावण का दहन दर्री के लाल मैदान में किया गया। आतिशबाजी के साथ इन स्थानों में रावण के पुतले का दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। रावण दहन को लेकर जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। मंगलवार को विजयदशमी के पर्व के अवसर पर रावण के पुतले का दहन किया गया। शहर का प्रमुख दशहरा मैदान स्थल राजेंद्र प्रसाद नगर में रावण दहन को देखने अपार जनसमूह पहुंचा हुआ था। दशहरे के भीड़ को देखते हुए दोपहर से ही पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से छोटे बड़े वाहनों के लिए अलग से वैकल्पिक मार्ग व पार्किंग की व्यवस्था रखी हुई थी। राजेंद्र प्रसाद नगर का दशहरा मैदान स्थल शहर के मध्य स्थित है, जहां आसपास के रिहायशी इलाकों के साथ अन्य जगह के लोग भी दशहरा देखने पहुंचते हैं। लिहाजा भीड़ का उमड़ना लाजमी हो जाता है। 112 फीट ऊंचाई वाले रावण के पुतले का दहन ⏭शेष पेज 3 पर



रावण दहन के दौरान उपस्थित जनसमूह।

देर शाम तक चला विसर्जन का दौर

नौ दिन तक शहर और उपनगरीय क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमाओं के विसर्जन की परंपरा रावण दहन के बाद से शुरु हो जाती है। दशहरे के देर शाम दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कुछ स्थानों में किया गया। वहीं अनेक स्थानों में प्रतिमाओं का विजर्सन बुधवार को किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह बंगाली समाज के द्वारा सप्तमी के अवसर से विराजित की गई दुर्गा प्रतिमाओं का विजर्सन बुधवार को किया जाएगा। इस अवसर पर समाज की महिलाओं के द्वारा सिंदूर की होली खेली गई। कुछ स्थानों में आज सिंदूर खेली जाएगी।

पुलिस लाइन में की गई शस्त्र पूजा



कोरबा। विजयादशमी के पावन पर्व पर जिले के रिसदी रोड स्थित पुलिस लाइन में परंपरा और उत्साह के साथ शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए और विधि-विधान के साथ शस्त्रों की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखनलाल पटले और नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा जिले के तमाम थानों और चौकियों के प्रभारी एवं पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी भी इस धार्मिक और पारंपरिक अनुष्ठान में शामिल हुए। शस्त्र पूजन के उपरांत परंपरा का निर्वहन करते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा हर्ष फायर भी किया गया। इस दौरान पूरा पुलिस लाइन परिसर जयकारों से गूंज उठा। पुलिस अधिकारियों ने इस पर्व को असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक बताते हुए सभी को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

कटघोरा थाना में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई शस्त्र पूजा

असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व विजयादशमी पर मंगलवार को कटघोरा थाना में शस्त्र पूजा की गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय सिंह राजपूत और थाना प्रभारी राजेश तिवारी की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने विधि-विधान के साथ हथियारों का पूजन कर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने की कामना की।

घर से सामान लेने निकली सात वर्षीय मासूम लापता, जंगलों की खाक छान रही है पुलिस



लापता बालिका की खोज में पहुंची पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार बस्ती में रहने वाली एक सात वर्षीय मासूम बच्ची अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर दुकान में सामान लेने गई थी। जहां से वह अचानक लापता हो गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है।

खास बात

- रजगामार चौकी क्षेत्र का मामला, 24 घंटे बाद भी नहीं मिला है सुराग

जिसके बाद से पुलिस की विशेष टीम लापता बच्ची की तलाश में लगातार जुटी हुई है। लेकिन 24 घंटे के बीत जाने के बाद भी मासूम का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के साथ साथ जंगलों में मासूम की तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजगामार बस्ती स्थित करीम पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले एक मजदूर की एक सात वर्षीय मासूम पुत्री है। 19 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर के समीप स्थित दुकान से सामान लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। बच्ची के नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू की। लेकिन काफी देर खोजबीन के बाद भी मासूम का पता नहीं चला। जिसके बाद इसकी सूचना रजगामार पुलिस को दी गई। पुलिस ने भी आसपास खोजबीन की लेकिन मासूम का कोई सुराग नहीं मिलने पर मंगलवार को इसकी सूचना पुलिस के आला अधिकारियो को दी गई और नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम लापता मासूम की तलाश में लगातार लगी हुई है। लेकिन मंगलवार की देर शाम तक मासूम के संबंध ⏭शेष पेज 3 पर

प्रतिमाओं का विसर्जन...



कोरबा। दशहरा पर्व पर कई स्थानो में विराजित की गई दुर्गा प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया गया।

एसईसीएल में माइनिंग डिसिप्लिन के 7 अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने माइनिंग डिसिप्लिन के सात अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। 20 अक्टूबर को जारी कार्यालय आदेश के तहत अधिकारियों को उनके वर्तमान ग्रेड में ही अलग-अलग क्षेत्रों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस फेरबदल में कुसमुंडा, सोहागपुर, चिरमिरी, बिश्रामपुर और कोरबा क्षेत्र शामिल हैं।

खास बात

- कुसमुंडा, कोरबा और सोहागपुर में मिली नई जिम्मेदारी

महाप्रबंधक (ई-8) सुनील प्रसाद को कुसमुंडा क्षेत्र में एरिया सेफ्टी ऑफिसर के पद से हटाकर सोहागपुर क्षेत्र में जीएम (ऑपरेशन) के रूप में पदस्थ किया गया है। वहीं महाप्रबंधक (ई-8) संजय कुमार सिंह को सोहागपुर क्षेत्र में (बंगवार एवं दामिनी) की जिम्मेदारी पर बनाए रखा गया है। मुख्य प्रबंधक (ई-7) राजेश खम्पारिया को सोहागपुर क्षेत्र मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। संजय कुमार सिंह और राजेश खम्पारिया से संबंधित आदेश 1 अक्टूबर को जारी पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन के रूप में जारी किए गए हैं। मुख्य प्रबंधक (ई-7) रेजा अहमद को चिरमिरी क्षेत्र से स्थानांतरित कर कुसमुंडा क्षेत्र में एरिया सेफ्टी ऑफिसर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बदलाव के साथ कुसमुंडा क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारी के लिए नई पदस्थापना की गई है। मुख्य प्रबंधक (ई-7) जी.एस. ठाकुर को बिश्रामपुर क्षेत्र से कोरबा क्षेत्र में राजगामार अंडरग्राउंड के सब एरिया मैनेजर के रूप में पदस्थ किया गया है। वहीं, सीनियर मैनेजर (ई-6) कृष्ण कुमार को सोहागपुर क्षेत्र से बिश्रामपुर क्षेत्र में रेहर अंडरग्राउंड के मैनेजर की जिम्मेदारी दी गई है। कृष्ण कुमार की पदस्थापना भी पहले जारी आदेश में आंशिक संशोधन के तहत की गई है। सीनियर मैनेजर (ई-6) दीपक कुमार भारद्वाज को सोहागपुर क्षेत्र में दामिनी अंडरग्राउंड का मैनेजर बनाया गया है। इस पदस्थापना के साथ सोहागपुर क्षेत्र में भूमिगत खदान के प्रबंधन से जुड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसईसीएल के कार्यालय आदेश के अनुसार, सातों अधिकारियों को उनके मौजूदा ग्रेड में ही नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल में एरिया सेफ्टी, क्षेत्रीय संचालन और भूमिगत खदानों के प्रबंधन से जुड़े पद शामिल हैं। आदेश के तहत संबंधित क्षेत्रों में अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है।

अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने के लिए जारी होगा कैशलेस ऑथराइजेशन लेटर

कोयला कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों को चयनित अस्पतालों में मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया ने अपने कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इलाज के लिए चयनित अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तय कर दी है। इसके तहत अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने के लिए रेफरल ऑर्डर और कैशलेस ऑथराइजेशन लेटर जारी किया जायेगा। इन अस्पतालों में इलाज के मेडिकल बिलों का भुगतान सीधे कोल इंडिया मुख्यालय करेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य चिकित्सा संबंधी अनुरोधों के निबटारे में एकरूपता लाना और पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

कोल इंडिया की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, कैशलेस सुविधा केवल मुख्यालय द्वारा चिह्नित सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती होकर इलाज कराने पर लागू होगी। इनमें अपोलो समूह के 38 अस्पताल, कोलकाता स्थित टाटा मेडिकल सेंटर, बेंगलुरु स्थित नारायणा इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंसेज और नौ अन्य सूचीबद्ध अस्पताल शामिल हैं। अस्पतालों को भुगतान संबंधित समझौते की शर्तों और निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। अन्य नौ अस्पतालों के मामले में सीजीएचएस पैकेज दरों और कोल इंडिया के साथ हुए समझौते के प्रावधानों के आधार पर भुगतान होगा। कोल इंडिया ने मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए जरूरी दस्तावेजों से जुड़े नियम भी तय किये हैं। अस्पताल को मरीज या उसके अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर वाला मूल बिल जमा करना होगा। ⏭शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

एक बार भर्ती के लिए मान्य होगी मंजूरी

नियमों के अनुसार, रेफरल ऑर्डर या कैशलेस अनुमति पत्र के आधार पर मिली मंजूरी सामान्यतः एक बार भर्ती होकर इलाज कराने के लिए मान्य होगी। हालांकि कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और हीमोडायलिसिस के मामले में अनुमति पत्र में उल्लेखित सत्रों की संख्या के अनुसार सुविधा मिलेगी। कैशलेस इलाज का लाभ केवल रेफरल में दर्ज बीमारी के उपचार तक सीमित रहेगा। किसी अन्य बीमारी की जांच या इलाज कराने के लिए अलग से अनुमति लेना जरूरी होगा।

चिकित्सा अधिकारी जारी करेंगे अनुमति पत्र

एसओपी के अनुसार, संबंधित अनुषंगी कंपनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) या चिकित्सा सेवा प्रभारी (सीएमएस इन-चार्ज) रेफरल ऑर्डर और कैशलेस अनुमति पत्र जारी करेंगे। इसके लिए निर्धारित प्रारूप का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा। अनुषंगी कंपनी को संबंधित अस्पताल और कोल इंडिया मुख्यालय के आधिकारिक ई-मेल पर जरूरी दस्तावेज भेजने होंगे। मुख्यालय से अस्पताल को मंजूरी संबंधी ई-मेल मिलने के बाद ही कैशलेस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। कार्यरत कर्मचारियों के मामले में संबंधित चिकित्सा अधिकारी रेफरल ऑर्डर जारी करेंगे। वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अस्पताल को इलाज की प्रस्तावित योजना, भर्ती की सूचना, खर्च का अनुमान, मरीज की केस हिस्ट्री और मेडिकल कार्ड की प्रति संबंधित अनुषंगी कंपनी को भेजनी होगी। इन दस्तावेजों के आधार पर कैशलेस अनुमति पत्र जारी किया जायेगा. इसमें मरीज का विवरण, बीमारी, अस्पताल की ओर से अनुमानित खर्च और कैशलेस इलाज के लिए स्वीकृत राशि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

खबर संक्षेप

पुरानी रंजिश में महिला पर चाकू से हमला

बिलासपुर। पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, प्रगतिनगर निवासी आशा राजपूत पति कैलाश राजपूत 19 अक्टूबर की शाम 4 बजे अपने पति के साथ पुरानी बात को लेकर आदर्शनगर निवासी हरिनारायण के घर बातचीत करने गई थीं। इस दौरान बातचीत के बीच शराब के नशे में हरिनारायण ने गाली-गलौज शुरू कर दी और चाकू से आशा पर हमला कर दिया। इससे उनकी कलाई में चोट आई। इसके बाद आरोपी ने उनके बाल पकड़कर मारपीट भी की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सफाईकर्मी के घर डेढ़ लाख के जेवर चोरी

बिलासपुर। चोरों ने एक सफाईकर्मी के घर का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर और दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेशनगर निवासी पुष्कर सोनी पिता स्वर्गीय ललित सोनी नगर निगम के जोन-2 तिफरा में सफाईकर्मी हैं। 18 अक्टूबर की शाम करीब 7.30 बजे वह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ दुर्गा प्रतिमा देखने शहर गए थे। रात करीब 12.30 बजे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर आलमारी के लॉकर से मंगलसूत्र, सोने की बाली, लॉकेट, दो जोड़ी पायल और दो मोबाइल फोन गायब मिले। चोरी गए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। पुष्कर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवर समेत अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सरकंडा पुलिस के अनुसार, बालाजीपुरम कॉलोनी निवासी विकास वर्मा अपनी पत्नी के साथ मकान में ताला लगाकर बेटी से मिलने पुणे गए थे। 16 अक्टूबर को उनकी नौकरानी सीमा साफ-सफाई करने पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर सामान बिखरा पड़ा था। उसने इसकी जानकारी कॉलोनी में रहने वाले विकास के बड़े भाई प्रशांत वर्मा को दी। प्रशांत ने घर पहुंचकर जांच की तो 11 नग सोने का मोतीदाना, चार जोड़ी पायल, सात जोड़ी बिछिया, चार चांदी के सिक्के, तीन चांदी की मूर्तियां, एक कैमरा, हेयर ड्रायर और 1,013 रुपये नकद गायब मिले। चोरी गए सामान की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है। 19 अक्टूबर को प्रशांत वर्मा ने सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षाएं 23 नवंबर से

बिलासपुर। छग राज्य ओपन स्कूल, रायपुर की ओर से हाईस्कूल और हायर सेकंडरी मुख्य एवं अवसर परीक्षा नवंबर 2026 की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। छात्र-छात्राएं परीक्षा से संबंधित विषयवार समय-सारिणी की जानकारी अपने नजदीकी अध्ययन केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं। छग राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट पर भी समय-सारिणी उपलब्ध है।

साइंस कालेज में विवाद 200 से अधिक की संख्या में पहुंचे सदस्यों ने 15 फीट का पुतला जलाया

रावण दहन को लेकर साइंस कॉलेज में हंगामा, गेट पर ही पुतला दहन कर लौटे मंच के लोग

बिलासपुर। इधर साइंस कालेज मैदान में रावण दहन को लेकर इस बार भी विवाद की स्थिति बनी रही। अरपांचल लोक मंच द्वारा पहले से ऐलान के मुताबिक साइंस कालेज के गेट के सामने 15 फिट का रावण दहन किया गया। इससे पहले 200 से अधिक की संख्या में पहुंचे मंच के लोगों ने साइंस कालेज मैदान में प्रवेश की कोशिश की। पुलिस और प्रशासन की टीम ने रोका तो हंगामा किया गया।

मंच के लोगों ने हमारा त्यौहार, हमारा अधिकार और त्यौहारों का सरकारीकरण बंद करो के नारे लगाए। एक घंटे के विवाद के बाद अरपांचल लोक मंच ने साइंस कालेज गेट पर ही पहले आरती और पूजा की और इसके



बाद पटाखे फोड़े गए। रावण दहन के बाद सोनपत्ती और मिठाई बांटी गई। मंच के अध्यक्ष सिध्दांशु मिश्रा के मुताबिक पिछले वर्ष राजनैतिक द्वेष वश उक्त आयोजन के लिए समय पूर्व पहले आवेदन करने के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति को आयोजन करने की अनुमति दे दी गई। इसका विरोध किया गया था।

श्री मिश्रा के मुताबिक अरपापार इस दशहरा उत्सव की शुरूआत अरपांचल लोक मंच द्वारा की गई थी और यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह नहीं बता पा रहा है कि आखिर इस आयोजन के लिए राशि किस मद से दी जा रही है। आयोजन का टेंडर किसे दिया गया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन दशहरा उत्सव का सरकारीकरण कर रह है। इसके लिए अलग से राशि की व्यवस्था की जा रही है जबकि इससे पहले अरपांचल मंच अपने खर्चे पर पूरा आयोजन करता था। यही नहीं आयोजन के लिए अलग से एक दशहरा उत्सव समिति बना दी गई है। निगम ने जो आमंत्रण पत्र बांटे हैं उसमें भी विधायक फोटो लगी है जो कि गलत है। सरकारी आयोजनों में किसी जनप्रतिनिधि की फोटो लगाना गलत है।

शासन-प्रशासन के दबाव में हो रहा आयोजन

अरपांचल लोक मंच के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने आरोप लगाया कि अरपांचल लोक मंच ने पहले आयोजन के लिए आवेदन किया था, लेकिन आयोजन की जिम्मेदारी ऐसी समिति को दे दी गई, जिसका उनके मुताबिक कोई स्पष्ट अस्तित्व नहीं था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहर में कई समितियां अपने स्तर पर रावण दहन कराती हैं, तो साइंस कॉलेज मैदान में ही नगर निगम के आयोजन की जरूरत क्यों पड़ी? मिश्रा ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन के दबाव में नगर निगम यह आयोजन करा रहा है। उन्होंने इसे त्योहारों के आयोजन पर लोगों के अधिकार छीनने की कोशिश बताते हुए विरोध जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अरपांचल लोक मंच पिछले पांच वर्षों से साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन का आयोजन करता आ रहा था लेकिन इसके बाद रोक लगाई गई।

पुलिस मैदान में पायरो रॉकेट सेटअप में ब्लास्ट

पुलिस ग्राउंड में रावण दहन के दौरान बड़ा हादसा टल गया। रावण दहन के लिए लगाए गए पायरो रॉकेट सेटअप में रिमोट का बटन दबाते ही मंच के पास धमाका हो गया। घटना के वक्त मंच पर विधायक, महापौर, वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। धमाके वाली जगह के पास ही पत्रकार और पुलिसकर्मी भी खड़े थे। घटना में कुछ लोगों के मामूली रूप से झुलसने की जानकारी सामने आई है। कई लोगों के कपड़ों में आग लग गई। हालांकि किसी के अधिक जख्मी होने की जानकारी नहीं है।

घंटों लगा रहा जाम, लोग होते रहे परेशान, पेट्रोलिंग टीम सक्रिय रही

भारी वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित, बदला गया रूट, कई जगहों पर बनाई गई पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विजयादशमी पर रावण दहन और अन्य आयोजनों के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने पूरी तैयारी की थी। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी घूम रहे थे तो पेट्रोलिंग टीमें सक्रिय रहीं।

शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगी रही। दशहरा के दौरान भीड़ के कारण यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए आयोजन स्थलों के आसपास पार्किंग की जगह तय की गई थी। पुलिस और ट्रैफिक के जवान प्रमुख चौक-चौराहों और आयोजन स्थलों के आसपास तैनात रहे और भीड़ और मौके की स्थिति के अनुसार वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया।

ध्यान रहे कि सिविल लाइन क्षेत्र में वृहस्पति बाजार, पुलिस मैदान, मुंगेली नाका और मिनोचा कॉलोनी में रावण दहन के प्रमुख कार्यक्रम हुए। इन आयोजनों में आने वाले लोगों के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए थे।





सिविल लाइन क्षेत्र

वृहस्पति बाजारः छत्तीसगढ़ स्कूल और मिशन स्कूल में पार्किंग की व्यवस्था रही
पुलिस मैदानः बर्जेस स्कूल, जेल रोड और पुलिस लाइन क्षेत्र में वाहन खड़े किए गए
मुंगेली नाकाः पुराने सर्किट हाउस क्षेत्र और संजय तरण पुष्कर के पास पार्किंग की व्यवस्था रही
मिनोचा कॉलोनीः मंगला बायपास और उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे तय जगहों पर वाहन पार्किंग रही
रेलवे फुटबॉल मैदानः मैदान के आसपास पार्किंग की व्यवस्था रही
लाल बहादुर शास्त्री मैदानः यहां आने वाले लोगों ने हैप्पी स्ट्रीट, नए रिवर व्यू और कोतवाली की
मल्टीलेवल पार्किंग
पुराना बस स्टैंडः इमलीपारा मार्ग, शिव टॉकीज रोड, राजीव प्लाजा और पुराने बस स्टैंड के पुराने भवन क्षेत्र में पार्किंग रही

सरकंडा में 5 जगहों पर रावण दहन

सरकंडा क्षेत्र में साइंस कॉलेज मैदान, नूतन चौक, चांटीडीह, मोपका और मुक्तिधाम के पास रावण दहन के कार्यक्रम हुए। पुलिस अफसरों ने साइंस कॉलेज मैदान के भीतर ही पार्किंग की व्यवस्था की थी। नूतन चौक आने वाले लोगों ने नूतन कॉलोनी के बाहर वाहन खड़े किया। चांटीडीह में खाली मैदान को पार्किंग के लिए तय किया गया। इधर पुलिस अफसरों ने दावा किया कि शहर में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए लिंक रोड, रिंग रोड-2, व्यापार विहार रोड, इमलीपारा रोड, अपोलो मार्ग, सिम्स और स्मार्ट रोड पर निगरानी रखी जाएगी।

तोरवा और कोतवाली क्षेत्र

तोरवा और कोतवाली क्षेत्र में रेलवे फुटबॉल मैदान, लाल बहादुर शास्त्री मैदान और पुराने बस स्टैंड में रावण दहन के कार्यक्रम हुए। इन आयोजनों में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई।

दुर्गा पंडाल में चेन चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्गा पंडाल में आरती के दौरान महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की चेन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, तेलीपारा की आरके बूट हाउस गली निवासी श्वेता कश्यप पति दिलीप कश्यप 18 अक्टूबर की रात तेलीपारा स्थित शहीद चंद्रशेखर दुर्गा पंडाल में आरती करने गई थीं। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से 14 ग्राम वजनी सोने की चेन चोरी कर ली गई। चेन की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है।




आरोपी महिलाएं।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दुर्गा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के आधार पर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र के केराडोर, पोड़ी निवासी वर्षा बंसल पति विजय बंसल (23), आशा बंसल पति कृष्णा बंसल (30) और सबिता उर्फ सरिता पति जगत बंसल (30) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में तीनों महिलाओं ने श्वेता कश्यप के अलावा एक अन्य महिला के गले से भी सोने की चेन चोरी करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की चेन और वारदात में इस्तेमाल किया गया ब्लेड बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। तखतपुर से काठाकोनी जा रहे बाइक सवार युवक को कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक उछलकर करीब 10 फीट दूर जा गिरा। उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज सिम्स अस्पताल में चल रहा है।

हादसा तखतपुर थाना क्षेत्र के खमरिया-देवरी रोड पर मॉडर्न स्कूल के पास हुआ। काठाकोनी निवासी गोपाल बंजारे ड्राइवरी का काम करता है। वह किसी काम से तखतपुर गया था और वहां से बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान एक कार चालक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई



और गोपाल उछलकर दूर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस की मदद से घायल युवक को सिम्स अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि उसके सिर में गंभीर चोट आई है और एक पैर टूट गया है। उसके प्राइवेट पार्ट में भी गंभीर चोट लगने की जानकारी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिम्स के बाहर फिर लगने लगे ठेले लाखों के गेट नहीं आ रहे काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम व पुलिस प्रशासन ने सिम्स के बाहर लगने वाले ठेले और गुमटियों पर कार्रवाई की थी, लेकिन अब दोबारा गेट पर ठेले और गुमटियों का कब्जा हो चुका है। सिम्स में आने वाले एम्बुलेंस और मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- 15 लाख रूपए खर्च कर सिम्स प्रबंधन ने कराया है नवनिर्माण।

दो माह पहले सिम्स ने 15 लाख खर्च कर भव्य गेट का निर्माण कराया है। वहीं इसके परिसर के रेनोवेशन में अच्छी खासी धनराशि खर्च की गई है, लेकिन गेट पर लगने वाले ठेले और गुमटियां की शोभा पर बट्टा लगा रहे है। रोजाना गेट पर ठेलों का जमावड़ा रहता है, इस दौरान नाश्ते और गुटखे के ठेले लग रहे है। जिससे हर आने व जाने वालों को असुविधा सहनी पड़ रही है। खास बात यह है नगर निगम की निगरानी बंद होने के बाद एक बार फिर गेट पर ठेले लग रहे है। जबतक नगर निगम की कार्रवाई चलती है, तब तक सड़क पर जाम नहीं लगता है, लेकिन कार्रवाई रूकने के बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। इस दौरान भीड़भाड़ की स्थिति में एम्बुलेंस को सिम्स के अस्पताल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। कई बार आम मरीजों को भी जाम में फंसना पड़ता है लेकिन इसके बावजूद ठेले वाले महज अपनी कमाई को देखते है, जबकि आम मरीजों को भुगतान पड़ रहा है।

बीच-बचाव करने आए युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। दोस्त के साथ मारपीट होते देख बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर आरोपियों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घटना में युवक की पीठ पर चोट आई है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, भरनी निवासी भरत वस्त्रकार पिता सुरेंद्र कुमार वस्त्रकार 19 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे गुड़ी चौक स्थित दुर्गा पंडाल के किनारे बैठकर मोबाइल देख रहा था। इसी दौरान गांव का रुद्रप्रताप बिंझवार वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर भरत से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।

भरत का दोस्त अर्जुन बीच-बचाव करने पहुंचा तो रुद्रप्रताप और उसके साथी देवा यादव ने अर्जुन के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने अर्जुन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ पर चोट आई। भरत की रिपोर्ट पर पुलिस ने रुद्रप्रताप बिंझवार और देवा यादव के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

दुकान में सेंधमारी कर शराब और नकदी ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरों ने कोड़ापुरी स्थित शराब दुकान की पिछली दीवार में सेंधमारी कर शराब और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सकरी पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर की रात शराब दुकान के कर्मचारी दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाई और अंदर रखी 10 हजार 40 रुपये की अंग्रेजी शराब तथा 4 हजार 360 रुपये नकद चोरी कर लिए।

19 अक्टूबर को दुकान के सुपरवाइजर सुजीत चतुर्वेदी पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सुपरवाइजर की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

साड़ी खरीदने के बहाने दुकान में घुसी महिलाएं 36 हजार की साड़ियां चुराई, 12 आरोपी गिरफ्तार



बिश्रामपुर। लटोरी-करवाँ मार्ग स्थित विकास वस्त्रालय में साड़ी खरीदने के बहाने पहुंचीं महिलाओं ने शातिर तरीके से 36 हजार रुपये की साड़ियां पार कर दीं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 महिलाओं और दो पुरुषों सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई साड़ियां भी बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक विवेकानंद विश्वास पिता सुशील विश्वास ने शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे दो कारों से आधा दर्जन महिलाएं उनकी दुकान पहुंचीं,महिलाओं ने साड़ियां दिखाने को कहा,दुकानदार उन्हें साड़ियां दिखाने में व्यस्त था,तभी महिलाओं ने मौका देख पांच साड़ियां छीपाकर पार कर दीं,इसी समूह की कुछ महिलाएं दुकान से लगे गोदाम में भी साड़ियां देखने के बहाने पहुंचीं और वहां से साड़ियों का एक बंडल लेकर चुपके से निकल गईं। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

बनारस रोड पर तंबू लगाकर बेचने की फिराक में थीं - शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की,इसी दौरान पता चला कि संदिग्ध महिलाएं बनारस रोड पर सड़क किनारे तंबू लगाकर चोरी की साड़ियां बेचने के लिए बैठी हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को हिरासत में लिया और चौकी लाकर दुकान संचालक से पहचान कराई। इसके बाद चोरी गई साड़ियां बरामद कर ली गईं। सभी आरोपी राजस्थान के बारां जिले के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं,पुलिस के अनुसार उक्त सभी पकड़े गए आरोपी घुमंतू प्रवृति के हैं, इसी तरह के ठगी के कारोबार इनके द्वारा चलाने की जानकारी पूछताछ में सामने आई है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) और 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,सभी 12 आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया है।

जनवरी में शुरू होगी द्वितीय चरण की जनगणना

राष्ट्रीय महाअभियान के लिए अधिकारियों को चार दिनों तक दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय महाअभियान जनगणना 2027 के तहत घरों-घर जनसंख्या की गणना होना है। इस द्वितीय चरण की जनगणना जनवरी माह में शुरू होगी, जिसके लिए अधिकारियों को चार दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया है।

द्वितीय चरण के जनगणना के लिए प्रशिक्षण में मैदानी स्तर पर जानकारियों को डिजिटल माध्यम से बिना किसी त्रुटि के दर्ज करने की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर भारत सरकार के जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ से संयुक्त निदेशक प्रदीप कुमार साहू एवं सांख्यिकी अन्वेषक विशाल दीक्षित मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए थे। कलेक्टर एवं प्रमुख



जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी चार्ज अधिकारियों को फील्ड पर काम कर रहे प्रगणकों और सुपरवाइजरों का लगातार औचक निरीक्षण करने कहा है, ताकि बिलासपुर जिला पूरी निष्पक्षता के साथ शतप्रतिशत सटीक डेटा संग्रह कर सकें। जिला जनगणना अधिकारी शिव बनर्जी ने तकनीकी पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व सीमाओं या शहरी वार्डों के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का भ्रम न रखें। सभी चार्ज अधिकारी स्वयं समन्वय कर सीमाओं का निर्धारण करें ताकि कोई भी मकान या परिवार न छूटे। उन्होंने सभी तहसीलदारों और सीएमओ को तुरंत ब्लॉक व जोन स्तर पर अनुवर्ती प्रशिक्षण आयोजित करने कहा है। जिला जनगणना कार्यालय के प्रभारी अधिकारी झील जायसवाल ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर कहा कि मैदानी अमले को मजबूत बैक-एंड सपोर्ट दिया जा रहा है। सभी चार्ज अधिकारियों को जरूरी प्रपत्र और डिजिटल क्रेडेंशियल आवंटित कर दिए गए हैं। फील्ड स्तर पर आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम सह हेल्पडेस्क स्थापित की जा रही है जो साप्ताहिक ऑडिट के साथ कार्य की गति सुनिश्चित करेगी।

छात्रा को एसिड से जलाने और अपहरण की धमकी

बिलासपुर। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद बातचीत बंद करने पर एक युवक छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। आरोप है कि युवक ने छात्रा को एसिड से जलाने और अपहरण करने की धमकी भी दी। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली छात्रा की करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से तारबाहर के खुदीराम बोस चौक निवासी विजय चौधरी उर्फ बाबी से दोस्ती हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच एक-दो बार बातचीत हुई। बाद में छात्रा को पता चला कि विजय के खिलाफ पहले से पुलिस में मामले दर्ज हैं। इसके बाद उसने युवक से बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि इसके बाद भी विजय उसे फोन कर डराने-धमकाने लगा और उसका पीछा करने लगा। 17 अक्टूबर को वह पीछा करते हुए छात्रा की कक्षा तक पहुंच गया। इसके बाद उसने छात्रा के ऑटो को रुकवाया और उसे नीचे उतारकर बात करने की कोशिश की। छात्रा ने बातचीत करने से साफ इनकार कर दिया। इस पर युवक ने उसे एसिड से जलाने और अपहरण करने की धमकी दी। छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

लाइब्रेरी असिस्टेंट के लिए कौशल परीक्षा 28 से

बिलासपुर। हाई कोर्ट में लाइब्रेरी असिस्टेंट (जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट) भर्ती के दूसरे चरण की कौशल परीक्षा 28 से 31 अक्टूबर तक होगी। पहले चरण की लिखित परीक्षा में सफल 396 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। परीक्षा सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बोदरी, बिलासपुर में होगी। 28, 29 और 30 अक्टूबर को 84-84 अभ्यर्थियों तथा 31 अक्टूबर को 144 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा।

खबर संक्षेप

अटल चौक में शौचालय व साफ-सफाई व्यवस्था की बनी है दरकार

पाली। नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के बीच अटल चौक के पास दक्षिण दिशा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध होना किसी भी नगर की आवश्यक जरूरतों में शामिल है। बाजार, चौक-चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाले लोगों को यदि उचित शौचालय की सुविधा नहीं मिलती, तो उन्हें दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था आम नागरिकों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हुई है। किसी काम से बाजार आने वाले लोगों, राहगीरों, दुकानदारों, वाहन चालकों और दूसरे क्षेत्रों से पाली पहुंचने वाले नागरिकों को कई बार शौचालय की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में आसपास उचित सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें असुविधा झेलनी पड़ सकती है।

चलते ऑटो में महिला के बैग से रकम पार

कोरबा। बैंक से समूह के खाते में जमा रकम निकालकर घर लौट रही महिला के 45 हजार रुपये चलती ऑटो में चोरी हो गई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना अंतर्गत रामसागर पारा निवासी महिला घरों में खाना बनाने का काम करती है। वह टीपी नगर स्थित जना बैंक से अपने समूह के खाते से 45 हजार रुपये निकालकर थैले में रखी थी। इसके बाद ऑटो में बैठकर घर लौट रही थी। इस दौरान बीच रास्ते उसके बैग से 45 हजार रुपए पार हो गया। महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में हो रहा खराब चावल का वितरण

कोरबा। नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा क्लीन चिट दिए जाने के बाद ही पीडीएस दुकानों में चावल की सप्लाई की जाती है। उसके बाद भी पाली और करतला जैसे क्षेत्रों में खराब चावल वितरण के मामले सामने आने के साथ क्वालिटी इंस्पेक्टर की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। जिले में चावल की आपूर्ति राइस मिलरों के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में की जाती है। एक क्विंटल धान के बदले 65 किलो चावल जमा कराया जाता है और उन चावल को उसके पूर्व क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा टेस्ट किया जाता है और टेस्टिंग रिपोर्ट के बाद ही चावल को सप्लाई के योग्य माना जाता है। लेकिन जिस तरह से पाली और करतला विकास खंड के पीडीएस दुकानों में खराब चावल के वितरण के मामले सामने आ रहे हैं उससे नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं कि आखिर उनकी रिपोर्ट के बाद खराब चावल का वितरण दुकानों के माध्यम से कैसे हो रहा है। हालांकि इस पूरे मामले में प्रशासन ने संज्ञान लिया है। किन पीडीएस दुकानों में खराब चावल की आपूर्ति हुई है उसकी जांच भी कराई जाएगी।

मध्यान्ह भोजन में खपता है चावल - पीडीएस दुकानों का चावल प्रायमरी व मिडिल स्कूल में दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में खपता है। बीते वर्ष कुछ स्कूलों के शिक्षकों ने भी ऐसी शिकायतें की थी। हालांकि इस वर्ष दबाव की वजह से किसी शिक्षण संस्थान से शिकायतें नहीं आई हैं। लेकिन पीडीएस दुकान में खराब चावल पहुंचने से इस बात की भी पुष्टि होती है कि उक्त दुकान से ही खराब चावल क्षेत्र के स्कूलों में पहुंचता होगा। जिसकी शिकायतें हालांकि जनप्रतिनिधियों ने अभी तक नहीं की थी।

पृष्ठ 1 का शेष

घर से सामान....

में पुलिस को किसी तरह का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस की टीम रजगामार क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में व अन्य इलाकों में इसकी खोजबीन कर रही है। बताया जाता है कि जो मासूम बच्ची लापता हुई है उसकी बड़ी बहन कुछ दिन पहले ही अपने रिश्तेदार के घर गई हुई है जबकि यह बच्ची अपने पिता के साथ ही रह रही थी। बच्ची के लापता होने को लेकर पुलिस भी परेशान है और पुलिस की टीम मामले में विभिन्न एंगलों को लेकर जांच कर रही है।

विजयादशमी पर...

देखने के लिए दर्री लाल मैदान में जनसैलाब उमड़ा हुआ था। इसके अलावा उपनगरीय क्षेत्र बालको नगर में रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन बालको सीईओ राजेश कुमार ने किया। इस के साथ ही नगर में चलने वाली रामलीला मंचन का भी समापन हो गया। देर रात तक रामलीला मैदान में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

कोयला कर्मचारियों...

इसके साथ रेफरल ऑर्डर या कैशलेस अनुमति पत्र और मुख्यालय की मंजूरी वाले ई-मेल का प्रिंटआउट देना अनिवार्य होगा। भुगतान के लिए बैंक खाते का विवरण भी जमा करना होगा। महंगी दवाओं और इंप्लांट के मामले में संबंधित इनवॉयस भी देना होगा। इलाज पूरा होने या मरीज की छुट्टी के 15 दिनों के भीतर अंतिम बिल भेजने का प्रावधान किया गया है।



जवांरा कलश का विसर्जन करने जाती महिलाएं।

माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि समापन

181 जवारा कलश को सिर पर रखकर महिलाओं ने हसदेव नदी में विधि विधान से किया विसर्जन



पूजा करते मंदिर के पुजारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्वांर शुक्ल नवमी की गोधूली बेला आते ही माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय की उपस्थिति में माँ श्री सर्वमंगला में 9 दिन तक चलने प्रज्जवलित किए गए मनोकामना ज्योत व जवरा कलश का हसदेव नदी में विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया। अंचल की समृद्धि, खुशहाली एवं सुख-शांति का संकल्प लेकर जवारा कलश स्थापना कक्ष पहुंचकर स्थापित 181 जवारा कलशों की पूजा-अर्चना की और उसके बाद नारी शक्तियों के सिर पर जवारा कलश रखा गया और सभी नारी शक्ति पाण्डेय परिवार के निज निवास के सामने पहुंचीं, जहां पाण्डेय परिवार की मुखिया एवं नमन पाण्डेय की माताश्री श्रीमती गीता देवी पाण्डेय के सानिध्य में नारी शक्ति की पूजा की और बैगाओं को शांत किया। चुनरी की सुरक्षा दीवार के बीच मांदर की थाप, कर्मा नृत्य संग आतिशबाजी के बीच नारी शक्ति का समूह गंगा जैसी पवित्र हसदेव नदी की ओर प्रस्थान किया।

दिव्य मंत्रोच्चार के साथ कलश की हुई पूजा

हसदेव घाट पहुंचने पर पुनः सभी जवारा ज्योति कलशों की पूजा-अर्चना नमन पाण्डेय ने की और बैगाओं ने विधि विधान पूरा किया और नारी शक्ति के सर से एक-एक कलश उतारा गया और नदी में विसर्जित कर आशीर्वाद मांगा-हे माँ, सभी का कल्याण करना, विश्व में शांति का वास हो, ऐसा आशीर्वाद देना, घर-घर समृद्धि बनकर वास करना और समाज में सत्व का प्रकाश फैलाना। जसगीत के बीच विसर्जन यात्रा आगे बढ़ी। सड़क पर आतिशबाजी की गई और आकाश सतरंगी छटाओं से निखर गया। कलश यात्रा विसर्जन के दौरान कोई हनुमान के रूप में माँ का स्वागत कर रहे थे तो कोई शेर-भालू बीच में आकर दर्शकों के मन में उल्लास भर रहे थे। कई नारी शक्ति को देवी माँ चढ़ी थीं और वे माँ की भक्ति में ऐसे डूब गए थे जैसे वे आदिशक्ति की उपासना में आत्मसात हो गए हों। जवारा कलश विसर्जन यात्रा के दौरान मंदिर परिसर में माँ सिद्धिदात्रि की पूजा करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु भी ज्योति कलशों का प्रकाशपूंजों को निहार रहे थे।

सत्यदेव मंदिर में खिचड़ी-खीर प्रसाद का वितरण, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



भोग प्रसाद बांटते अतिथि व आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर महानवमी के अवसर पर हरदीबाजार स्थित सत्यदेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी श्यामू जायसवाल के द्वारा मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी एवं खीर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच लोकेश्वर कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खास बात

- समाज सेवी श्यामू जायसवाल ने किया प्रसाद वितरण, कन्या भोजन के साथ क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना

नवरात्रि के दौरान सत्यदेव मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया जा रहा था, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे थे। महानवमी के अंतिम दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ नौ कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच खीर एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी श्यामू जायसवाल ने कहा कि माता रानी की सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और मन को शांति मिलती है। उन्होंने माता रानी से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली बनाए रखने की कामना की। महानवमी के अवसर पर मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य के प्रति स्पष्टता और सत्य-न्याय पर विश्वास जरूरी : सत्येंद्र



कार्यक्रम में शामिल आरएसएस के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से विजयदशमी के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर उत्सव का आयोजन किया गया। इकाई स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इसी कड़ी में शारदा विहार स्थित दुर्गा पूजा मैदान में मंगलवार सुबह विजयदशमी उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग संघचालक सत्येंद्र दुबे ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय एसएन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कोरबा विभाग संघचालक सत्येंद्र दुबे एवं उपनगर संघचालक अमृतलाल बत्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद स्वयंसेवक सूर्यबली पाल ने एकल गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को स्वरमय बनाया। श्री दुबे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से जुड़े प्रसंगों के साथ विजयदशमी पर्व के ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए पांडवों के वनवास और अज्ञातवास के दौरान आई कठिनाइयों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में लंबे समय तक संघर्ष करने के बावजूद पांडव अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट थे। उन्हें इस बात का विश्वास था कि उन्हें क्या करना है और किस दिशा में आगे बढ़ना है। अंततः सत्य और न्याय का साथ उन्हें मिला। उन्होंने इन प्रसंगों के माध्यम से धैर्य, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व को रेखांकित किया। विजयदशमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

कृष्ण पालनहार जन सेवा समिति ने कराया 151 कन्याओं को भोज, दी पठन व श्रृंगार सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ग्रामीण क्षेत्र में कन्या पूजन के दौरान समिति के सदस्य।

सामाजिक सेवा, सेवा भाव एवं बेटियों के सम्मान के संकल्प को साकार करते हुए कृष्ण पालनहार जन सेवा समिति कोरबा शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम गढ़ उपरोड़ा में 151 कन्याओं के लिए भव्य कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया तथा उपहार स्वरूप शैक्षणिक स्टेशनरी किट एवं श्रृंगार सामग्री भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कन्याओं के प्रति सम्मान, प्रेम और अपनत्व की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना एवं समाज में सेवा, सहयोग और संस्कार की भावना को मजबूत करना रहा। शैक्षणिक सामग्री भेंट कर समिति ने बच्चों की पढ़ाई में सहयोग देने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कन्या भोज एवं उपहार वितरण के इस सेवा कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की। आयोजन ने बेटियों के सम्मान और शिक्षा के महत्व का सकारात्मक संदेश दिया तथा सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर ग्राम गढ़ उपरोड़ा के सरपंच अंशुमान बिंझवार, राजा राम राठिया, दिनेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृष्ण पालनहार, भरत पटेल, शिवा प्रतीक, साकेत शर्मा, अविनाश गुप्ता, प्रकाश शर्मा, दीपक साहू, अमित शर्मा, महादेव, रोहन, अमर, हेमंत, प्रशांतो, नितिन, तुसार हेमंत, अनिल का योगदान रहा।

वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे पर आयोजित हुआ शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत आयुष मेडिकल एसोसिएशन लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, भारत विकास परिषद, आरोग्य भारती एवं विश्व हिंदू परीषद के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका कोरबा मे आयोजित सभी प्रकार के अस्थिगत वात रोगों हेतु हीमोग्लोबिन, विटामिन डी, कैल्शियम जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद,पंचकर्म, एक्युप्रेशर, योग,ग्रह चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में 27 लाभान्वित मरीज हुये ।

शिविर मे विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि आस्टियोपोरोसिस अर्थ छिद्रयुक्त हड्डी है। इस रोग में व्यक्ती की हड्डियां का कमजोर हो जाती हैं और उनका अस्थि घनत्व का कम हो जाता है। जिसके कारण जरा सा आघात लगने पर, मामूली चोट लगने पर, गिरने पर, यहां तक की छींक आने के कारण भी हड्डियां टूट जाती है। इसे ही ऑस्टियोपोरोसिस कहते हैं। जो हीमोग्लोबिन, कैल्शियम एवं विटामिन डी की कमी से होता है। जिसका प्रमुख कारण हमारी शारीरिक निष्क्रियता अर्थात लंबे समय तक शारीरिक गतिविधि न करना या कम करना है। साथ ही शिविर में विटामिन डी एवं कैल्शियम की जांच श्री डायग्नॉस्टिक पैथो लैब द्वारा की गई। शिविर मे रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) की जांच निशुल्क करने के साथ शुगर की परीक्षित औषधि देने के साथ-साथ अस्थिगत वात रोगियों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य पुस्तिका भी निशुल्क प्रदान की गई।

पाली में छिनपारा जाने वाले मार्ग पर गड्ढे और झाड़ियां, मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली



पाली क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के पास से ग्राम केराझरिया की ओर जाने वाले छिनपारा मार्ग के किनारे गड्ढे और झाड़ियां दिखाई दे रही हैं। इस स्थिति को देखते हुए मार्ग के रखरखाव और साफ-सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्राप्त तस्वीरों में सड़क किनारे कच्ची जमीन पर गड्ढा तथा आसपास उगी झाड़ियां नजर आ रही हैं। इस मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणों और राहगीरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण किया जाना जरूरी है। सड़क किनारे गड्ढे होने से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है। वहीं, झाड़ियों की सफाई नहीं होने से भी आवागमन में असुविधा की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित ग्राम पंचायत एवं विभागीय अधिकारियों से मांग है कि पाली से छिनपारा होते हुए ग्राम केराझरिया जाने वाले मार्ग के संबंधित स्थान का निरीक्षण किया जाए। सड़क किनारे बने गड्ढे की मरम्मत, जमीन का समतलीकरण और आसपास उगी झाड़ियों की सफाई कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

श्रीरामचरितमानस चौपाई प्रतियोगिता में बच्चे व महिलाएं होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति कोरबा एवं मारवाड़ी ब्राह्मण महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शरदोत्सव का 23 से 25 अक्टूबर को परशुराम भवन में किया जाएगा। इस दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं 25 अक्टूबर को श्रीरामचरितमानस चौपाई प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संस्कारों और श्रीरामचरितमानस में वर्णित जीवन-मूल्यों को नई पीढ़ी सहित समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना है। मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में शरदोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया कि श्रीरामचरितमानस चौपाई प्रतियोगिता 25 अक्टूबर, रविवार को रात 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।

एग्रीस्टेक पंजीयन एवं खसरा अद्यतन हेतु 21 तक विशेष अभियान

कोरबा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 अक्टूबर से संभावित है। शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2026-27 हेतु 31 अक्टूबर तक किसान पंजीयन का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। किसान पंजीयन से पूर्व किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन उपरांत की नवीन किसान पंजीयन की कार्यवाही की जा सकेगी। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को पुनः पंजीयन कराने की आवश्यकता नही होगी। पूर्व में पंजीकृत किसानों द्वारा सहकारी समितियों में जाकर पंजीकृत रकबा एवं खसरा का मिलान करा लिया जावे। किसान पंजीयन में पंजीकृत रकबा एंव खसरा मिलान नहीं होने की स्थिति में एग्रीस्टेक पंजीयन में खसरा अद्यतन कराने की कार्यवाही एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जावे। जिले के सभी 60 सहकारी समितियों में किसान पंजीयन हेतु दिनांक 21 अक्टूबर तक विशिविर का आयोजन किया जा रहा है।





खबर संक्षेप

सखी वन स्टॉप सेंटर कटघोरा में सेवाप्रदाता के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। सखी वन स्टॉप सेंटर कटघोरा में दैनिक कार्यों के संचालन के लिए सुरक्षा गार्ड/नाइट गार्ड के एक पद (अनारक्षित) पर भर्ती हेतु पात्र महिला आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिला आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कोरबा को भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

रबी सीजन में टोकन और क्यूआर कोड से होगा उर्वरक वितरण

कोरबा। रबी सीजन 2026-27 में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वितरण के लिए नई डिजिटल व्यवस्था लागू की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल सॉफ्टवेयर के माध्यम से टोकन प्रणाली से उर्वरक वितरित किए जाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को सही समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना, वितरण में पारदर्शिता बढ़ाना और कालाबाजारी पर रोक लगाना है। एप के माध्यम से उर्वरक विक्रेताओं के स्टॉक, उर्वरकों की प्राप्ति, दैनिक बिक्री और शेष उपलब्धता का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी, एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की बिक्री और स्टॉक की जानकारी भी इसमें दर्ज होगी। इससे उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा सकेगी। संबंधित अधिकारी उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मांग, आपूर्ति और वितरण की स्थिति की समीक्षा कर सकेंगे।

निगम के पेंशनर 23 अक्टूबर तक जीवित प्रमाण पत्र जमा कराएं

कोरबा। नगर निगम से सेवानिवृत्त समस्त पेंशनरों से कहा गया है कि वे अपने जीवित प्रमाण पत्र को पूर्ण रूप से भरकर एवं अपने व्यक्तिगत खाता संधारित बैंक के शाखा प्रबंधक से प्रमाणीकरण कराकर 23 अक्टूबर तक निगम के स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं ताकि इस पर आगामी कार्यवाही की जा सके। उल्लेखनीय है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा नगरीय निकायों के पेंशनरों का जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाकर पेंशनरों की सूची सहित 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से संचालनालय को भेजे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत निगम द्वारा जीवित प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि में संचालनालय को प्रेषित किया जाना हैं, अतः नगर निगम द्वारा अपने सभी पेंशनरों से कहा गया है कि वे जीवित प्रमाण पत्र पूर्ण रूप से भरकर एवं बैंक खाते को संधारित बैंक के शाखा प्रबंधक से प्रमाणीकरण कराकर 23 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से निगम की स्थापना शाखा स्थित पेंशन विभाग में जमा कराएं ताकि निर्देशानुसार उक्त दस्तावेज संचालनालय को प्रेषित किया जा सके।

मतदाताओं के पंजीकरण के लिए 31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस विशेष पंजीकरण अभियान के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण हेतु मतदाता सूची में वर्तमान में अपंजीकृत व्यक्ति या जिसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया हो, ऐसा कोई भी व्यक्ति इस विशेष अभियान के दौरान पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता हैं। ऐसे मतदाताओं का चिन्हांकन कर, उनके पंजीकरण का कार्य किया जाना हैं।

आंगनबाड़ी व स्कूल भवन निर्माण के लिए पंचायत को पारित करना होगा जमीन का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी व स्कूल भवन निर्माण के लिए जमीन का प्रस्ताव ग्राम पंचायत को ग्राम सभा में पारित कराना होगा ताकि निर्माण के दौरान जमीन विवाद की स्थिति निर्मित ना हो। कई पंचायतों में अभी भी आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन निर्माण के दौरान जमीन विवाद की स्थिति निर्मित होने पर निर्माण कार्य शुरु नहीं हो पाते हैं।

जमीन को लेकर शासकीय भवन के निर्माण को लेकर सर्वाधिक विवाद की स्थिति बड़ी ग्राम पंचायतों में आ रही है जहां सड़क किनारे या पंचायत के द्वारा आरक्षित की गई जमीनों पर बेजाकब्जा तेजी से बढ़ रही है। रजगामार ग्राम पंचायत सहित पाली ब्लॉक बकसाही, चैतमा, कोरबा ब्लॉक के तुमान, बरपाली और कोथारी जैसे संवेदनशील पंचायतों में जमीन विवाद से कहीं पीडीएस भवन का निर्माण अटका है तो कहीं स्कूल भवन को लेकर आपत्ति दर्ज हो गई है। जबकि ऐसे शासकीय भवन निर्माण को लेकर खनिज न्यास मद से राशि स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरु नहीं हो पा रही है। ऐसी तमाम विवादों से निपटने के लिए ग्राम पंचायत को भी किसी भी शासकीय भवन निर्माण के लिए जमीन का चयन कर उसे ग्राम सभा में पारित कराना होगा। कुछ पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा ही जमीन मामले को लेकर आपत्ति दर्ज करा दी जाती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए अब पंचायत को बैठक में जमीन का चयन कर राजस्व विभाग से जमीन का नजरी नक्शे तैयार कर कराना होगा। उसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो सकेगी।

विवादों से निपटने के लिए पंचायत को दी गई जिम्मेदारी

खास बात

- जमीन विवाद के मामले में अटके पड़े हैं आंगनबाड़ी भवन का निर्माण



गौठान निर्माण के दौरान खड़ी हुई थी विवाद की स्थिति

पिछली सरकार के समय जब ग्रामीण अंचलों गौठान निर्माण कार्य शुरु किया गया उस दौरान जमीन विवाद की स्थिति सामने आयी थी कई मामले ग्रामीणों ने राजस्व न्यायालय में दर्ज करा दिये थे। जमीन विवाद के कारण ऐसा ही एक मामला वर्तमान में गौधान निर्माण के दौरान सामने आया। जब पशुधन विकास विभाग के द्वारा चयनित संस्था को पूर्व में बने गौठान को आबंटित किया स्थानीय ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर कोरबा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा दी गई।

नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था से सराबोर हुआ अग्रसेन नगर

मां महागौरी मंदिर में जसगीत सम्राट देवेश के जगराता में रातभर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नवरात्रि के पावन अवसर पर अग्रसेन नगर कटघोरा स्थित मां महागौरी मंदिर के प्रांगण में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। माता रानी की आराधना और भक्तिमय गीतों से पूरा मंदिर परिसर देर रात तक गूंजता रहा। इस पावन अवसर पर आयोजित भव्य जगराता में जसगीत सम्राट देवेश ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। माता रानी के जयकारों और जसगीतों की गूंज के बीच नागरिकों ने पूरी रात भक्तिरस का आनंद लिया।





जगराता कार्यक्रम में झांकी के साथ देवी गीतों की प्रस्तुति देते देवेश शर्मा एवं उपस्थित जनसमूह।

नवरात्रि के इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता महागौरी के दर्शन करने और जसगीत का आनंद लेने मंदिर प्रांगण पहुंचे। जैसे-जैसे जगराते की महफिल आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। जसगीत सम्राट देवेश ने अपनी गायकी के माध्यम से माता रानी की महिमा का गुणगान किया। उनके द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय जसगीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में रंग दिया। पूरा वातावरण माता की आराधना, जयकारों और भक्तिमय संगीत से गुंजायमान हो उठा। जगराते के दौरान श्रद्धालु देर रात तक कार्यक्रम में उपस्थित रहे और माता रानी के जसगीतों का आनंद लेते रहे। श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति और उत्साह की झलक साफ दिखाई दे रही थी। माता के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। जगराते में शामिल नागरिकों ने भक्तिमय माहौल में समय बिताते हुए माता रानी से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने में आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सदस्य लगातार व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे, ताकि जगराते में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं की सुविधा और कार्यक्रम की व्यवस्था पर सदस्यों ने निरंतर ध्यान दिया। समिति के सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से जगराते का आयोजन भक्तिमय वातावरण में देर रात तक चलता रहा।



तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है ।

खास बात

- पूजा का सामान छोड़ने जा रहे थे युवक, बस चालक फरार

बताया जाता है कि दोनों युवक पूजा का सामान छोड़ने पंडित के घर जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी शुभम गुप्ता, यशवंत गुप्ता दुर्गा पूजा समापन के बाद पूजा पाठ व अन्य सामान को छोड़ने के लिए स्कूटी में सवार होकर पंडित के घर जा रहे थे कि इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे स्कूटी सवार शुभम गुप्ता व यशवंत गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देर शाम लगभग 5:30 बजे का बताया जा रहा है दुर्घटना को अंजाम देने के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुर्घटना कारित बस चालक की पताशाही कर रही है वहीं दशहरा के दिन एक साथ दो युवकों की मौत हो जाने से गांव में मातम छाया हुआ है।

धान खरीदी के लिए सभी समितियों में माइक्रो एटीएम की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक माह बाद शुरू होने वाले धान खरीदी के लिए जिले की सभी धान खरीदी केन्द्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा दिए जाने की कवायद शुरू हो गई है। इस सुविधा से धान बेचने वाले किसानों को तत्काल उनकी मांग के अनुरूप 20 हजार रुपए तक की राशि दी जाती है। जिले में 19 नई समितियों में भी इस व्यवस्था को लागू करने का प्रस्ताव भेजा गया है।

खास बातें

- नई 19 समितियों में भी सुविधा देने का है प्रस्ताव
- 20 हजार रुपए की रकम धान बिक्री के बाद तत्काल दी जाती है

जिले में धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी। जिसके लिए सभी समितियों में पंजीयन का काम चल रहा है। इसके साथ ही समितियों के संचालन को लेकर दोबारा खरीदी केन्द्रों में प्रासंगिक व्यय की राशि से खरीदी की तैयारी भी चल रही है। चबूतरा निर्माण को लेकर बेमौसम बारिश में धान को बचाने के लिए तिरपाल एवं प्लास्टिक की खरीदी भी प्रासंगिक व्यय से की जा रही है। समितियों को बीते वर्ष की धान खरीदी का कमीशन अब तक नहीं मिलने के कारण आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तैयारी में जुटे हमालों को भी वेतन देने की समस्या समितियों के सामने खड़ी हुई है। वहीं पुराने बारदाने की भी राशि समितियों से लिए जाने का निर्देश दिया गया है। खरीदी के दौरान किसानों को तत्कालिक रूप में आर्थिक सहायता मिल सके इसके लिए बीते वर्ष माइक्रो एटीएम व्यवस्था की शुरुआत की गई थी। इससे किसानों को 10 हजार रुपए तत्काल खरीदी के बाद कर दिया जाता था। इस राशि को बढ़ाकर अब 20 हजार रुपए कर दिया गया है। पूर्व में 41 पुरानी सहकारी समितियों में यह व्यवस्था लागू थी। इससे छोटे किसानों को आर्थिक सुविधा मिली थी। 19 नई समितियों में भी इस व्यवस्था को लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

अब कृषि विभाग भी करेगा निगरानी

धान खरीदी के लिए अब कृषि विभाग को सीधे जोड़ दिया गया है। पूर्व में खरीदी के रिकार्ड कृषि विभाग के पास नहीं हुआ करते थे। खाद्य विभाग ही खरीदी के रिकार्ड को संभालने की जिम्मेदारी लिया करता था। अब कृषि विभाग को भी धान खरीदी के निगरानी के साथ प्रतिदिन की खरीदी भी कृषि विभाग को देना होगा। वर्तमान व्यवस्था में सहकारी बैंक और खाद्य विभाग के पास ही प्रतिदिन की खरीदी का रिकार्ड हुआ करता था। यहां तक कि समिति प्रबंधकों के बाद भी किस केन्द्र में कितनी खरीदी हुई इसकी जानकारी नहीं रहा करती थी।

ऑनलाइन टोकन पर भी रहेगी नजर

धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था लागू होने से किसान घर बैठे टोकन कटवा रहे थे। इससे समितियों में धान की आवक तो बढ़ी वहीं पुराने धान की भी इसकी आड़ में बिक्री होने लगी थी। इस वर्ष मोबाइल एप से धान बिक्री का टोकन लेने वाले किसानों की भी निगरानी होगी। प्रतिदिन कितने किसानों ने ऑनलाइन टोकन लिया इसका भी रिकार्ड रखा जाएगा। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से समितियों में व्यवस्था बिगड़ी थी। समयाभाव के कारण खरीदी को लेकर कई बार किसानों और प्रबंधकों के बीच बहस का मुद्दा हुआ करता था।

फसल कटाई प्रयोग सीसीई एग्री ऐप से करना अनिवार्य

कोरबा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 में अधिसूचित फसलों के फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) शत-प्रतिशत सीसीई एग्री मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जाएंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी तहसीलदारों एवं विकासखंड स्तरीय पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्षों तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं समिति के सचिवों को प्रयोग निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आयोजित फसल कटाई प्रयोगों में सीसीई एग्री मोबाइल ऐप का उपयोग अनिवार्य किया गया है। ऐप के वर्तमान संस्करण में पिछले संस्करण की तुलना में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन्हीं बदलावों और ऐप के उपयोग के संबंध में कृषि, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विकासखंड तथा तहसील स्तर के मास्टर ट्रेनरों और प्राथमिक उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। उपयोगकर्ताओं को 2 सितंबर को सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा कोरबा के ई.वी.पी.जी. महाविद्यालय खेल मैदान में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

आईटीआई के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आईटीआई के एक छात्र ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सालियाभाटा निवासी इंद्रजीत महतो उम्र 19 वर्ष करतला में आईटीआई का छात्र था जिसने बीती रात को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारी बसंत कुमार ने बताया कि युवक ने किन परिस्थितियों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया गया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

पीडब्ल्यूडी ने चार उपसंभागों के लिए 280.05 लाख रुपए किए स्वीकृत

बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत शुरू, 154 किमी. मार्गों पर होगा बीटी पैच कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज बारिश से जिले की कई महत्वपूर्ण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और यात्रा सुरक्षित बने, इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। जिले में लगभग 154 किलोमीटर लंबाई की सड़कों पर बीटी पैच कार्य कराया जाएगा। इसके लिए कुल 280.05 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। स्वीकृति मिलने के बाद कई कार्यों के कार्यादेश जारी कर काम शुरू कराया गया है ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके। जिले के चार उपसंभागों में बीटी पैच कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है। कटघोरा उपसंभाग क्रमांक-1 के लिए 50 लाख रुपये, कटघोरा उपसंभाग क्रमांक-2 के लिए 50.05 लाख रुपये, कोरबा उपसंभाग के लिए 105 लाख रुपये तथा भैसमा उपसंभाग के लिए 75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उरगा-चांपा, कोरबा, सीपत-बलौदा-हाटी, रामपुर-बेहरचुआ-नोनबिर्रा और कुदमुरा-श्यांग मार्गों सहित कई महत्वपूर्ण सड़कों पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। पाली-दीपका, तिवरता-लिटियाखार, पुरेना-विजयनगर, कटघोरा-सलोरा, पाली बाईपास, चैतमा बाईपास और कटघोरा बाईपास मार्गों पर भी बीटी पैच कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा सुतर्रा-बांकी, बांकी-गजरा, बांकी-भैरोताल, हनुमानगढ़ी पहुंच मार्ग, खैरा डुबान-रामदेई, बक्साही-सीस बाजार, नोनबिर्रा-रतीजा, उड़ता-भाड़कछार, जेमरा-चैतुरगढ़ और नेवसा-जोरहाडबरी मार्गों पर भी मरम्मत कार्य किया जाएगा। राहा-रावा, पसान-पिपरिया-दुल्लापुर, कोरबी-जलके और जलके-पिपरिया मार्गों पर भी बीटी पैच कार्य शुरू कराया जा रहा है। बिलासपुर-कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग के छूटे हुए हिस्से में भी मरम्मत कार्य किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जी.आर. जांगड़े ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण कई सड़कें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई हैं। विभाग ने मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत कर एजेंसियां तय की हैं और काम प्रारंभ करा दिया है। दिसंबर माह तक सड़कों को दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा गया है। विभागीय सचिव एवं मंत्री श्री अरुण साव ने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने लोक निर्माण विभाग सहित सभी निर्माण एजेंसियों को स्वीकृत सड़क कार्य शीघ्र शुरू कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मरम्मत कार्य पूरा होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क बेहतर होगा। आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों और आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और यात्रा अधिक सुरक्षित हो सकेगी।

